मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 26/01/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -349/2025
26 जनवरी 2025
पुलिस लाइन, दुमका
==================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 76वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को किया सम्मानित।
==================

★ गणतंत्र दिवस परेड में एनसीसी बालिका +2, दुमका और झांकियों में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग को मिला पहला पुरस्कार।
==================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, दुमका में आयोजित समारोह में तिरंगा फहराया एवं सलामी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर राज्य की जनता को संबोधित किया। मौके पर विधायक श्री बसंत सोरेन, विधायक श्री आलोक कुमार सोरेन, विधायक डॉ० लुईस मरांडी, पूर्व मंत्री श्री बादल पत्रलेख, संताल परगना के आयुक्त श्री लालचंद दादेल, आईजी श्री क्रांति कुमार, डीआईजी श्री अंबर लकड़ा, जिला के उपायुक्त श्री आंजनेयुलु दोड्डे, पुलिस अधीक्षक श्री पीतांबर सिंह खेरवार सहित अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने इस पावन अवसर पर पुलिस लाइन मैदान, दुमका स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर अमर वीर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर समारोह में जिले के स्व० पतरू राय की आश्रित पत्नी श्रीमती परवतिया देवी (ग्राम- परसदाहा, प्रखण्ड- सरैयाहाट, जिला- दुमका) को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेने वाली एनसीसी +2

(बालिका) दुमका को प्रथम , आईआरबी- 01 जामताड़ा महिला प्लाटून को द्वितीय और गृह रक्षा वाहिनी दुमका को तृतीय पुरस्कार से नवाजा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने फर्स्ट इन कमांड, परीक्ष्यमान सहायक पुलिस अधीक्षक दुमका डॉ. मोहम्मद सैयद मुस्तफा हाशमी, सेकंड इन कमांड, परीक्ष्यमान सहायक पुलिस उपाधीक्षक दुमका श्री आकाश भारद्वाज एवं राष्ट्रगान में संत टेरेसा उच्च विद्यालय, दुमका और बैंड में हजारीबाग पुलिस अकादमी को सम्मानित किया।

इन विभागों की झांकियों को मिला पुरस्कार

◆ प्रथम पुरस्कार- महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग

◆ द्वितीय पुरस्कार- वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, जिला ग्रामीण विकास शाखा, दुमका

◆ तृतीय पुरस्कार- पुलिस विभाग, दुमका

मुख्यमंत्री के हाथों इन कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। जिसमें रानी सोरेन, स्वाती राज, राजू बांद्रा, मेघा बेसरा, पवन कुमार मिश्रा, बासुकीनाथ चतुर्वेदी, अर्पिता प्रसाद, बसंती हेंब्रम शामिल रहें।

============

#TeamPRD(CMO)